डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-200 / पत्रा.सीओई–42 / स्पे0बै0पे0प0–2021 / डीएसएमएनआरयू / 2020–21 दिनांक 18 .01.2021

कार्यालय ज्ञाप

(मिड सेमेस्टर टेस्ट / मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा तथा पूर्व में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुपस्थित एवं अनुत्तीर्ण विषयों / पेपरों हेतु **स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021** के संबंध में)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् रहे ऐसे विद्यार्थी जिनका किसी विषय / प्रश्न–पत्र में SGPA/CGPA 5.6 से कम हो अथवा C ग्रेड प्राप्त किया हो अथवा अनुत्तीर्ण (F ग्रेड) हो, को उनके भविष्य के दृष्टिगत विद्यार्थी हित में मिड सेमेस्टर टेस्ट / मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा तथा पूर्व में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुपस्थित एवं अनुत्तीर्ण विषयों / प्रश्न–पत्रों हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निम्नानुसार संबंधित विद्यार्थियों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है–

(अ) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शैक्षणिक सत्र 2019–20 की सेमेस्टर / वार्षिकी परीक्षा मई–2020 में प्रतिभाग कर चुके अर्थात जिनके पाठ्यक्रम की अवधि शैक्षणिक सत्र 2019–20 में पूर्ण हो चुकी है, ऐसे विद्यार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(ब) वे विद्यार्थी जिनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2019–20 के अन्तर्गत सत्रान्त परीक्षा माह–मई–2020 में आयोजित समस्त संचालित पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा हेतु आवेदन किया गया था परन्तु कोविड–19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न संकट की विषम परिस्थिति / अपिरहार्य कारणों से उक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने में असमर्थ / वंचित रहे हैं, को भी अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(स) उक्त के साथ–साथ विगत् वर्षों की अंतिम सेमेस्टर / वार्षिकी परीक्षाओं (माह मई–2014 से माह मई–2019 तक प्रतिभाग कर चुके) में अध्ययनरत् रह चुके ऐसे विद्यार्थीगण भी जिनके द्वारा पूर्व में आयोजित स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 में प्रतिभाग करने के लिये किन्ही कारणवश आवेदन नहीं किया जा सका है, उन विद्यार्थियों को ही पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(द) पूर्व में आयोजित स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 में निर्दिष्ट शर्तो / प्रतिबन्धों के अनुसार आवेदन कर स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी उक्त स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के लिये पात्र नहीं है अर्थात उनका आवेदन अमान्य होगा।

(2). इस संबंध में स्पेशल बैक पेपर परीक्षा में प्रतिभागी / आवेदित / संबंधित विद्यार्थी के साथ–साथ उनके अभिभावक द्वारा इस आशय का शपथ–पत्र भी अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जायेगा कि "स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के अन्तर्गत सम्बन्धित प्रश्न–पत्र / विषय में पुनः एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति इस शर्त के अधीन दी जाती है कि ऐसे समस्त विद्यार्थियों को दिया जाने वाला यह अन्तिम अवसर होगा, इसके पश्चात् इस संबंध में कोई अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा यह भविष्य के लिये दृष्टान्त नहीं माना जाएगा। संबंधित विद्यार्थी की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया जाने वाला संबंधित परीक्षा परिणाम अन्तिम व सर्वमान्य होगा।"

(3). उपर्युक्तानुसार स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु परीक्षा की विभिन्न विधाओं में निम्नानुसार निर्धारित किये गये शुल्क को विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशानुसार आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगाः–

1.	थ्योरी पेपर	रू0 500 / – प्रति प्रश्न–पत्र।
2.	प्रायोगिक परीक्षा (आन्तरिक एवं वाह्य)	रू0 1000 / – प्रति प्रश्न–पत्र।
3.	आंतरिक परीक्षा (मिड सेमेस्टर / प्रोजेक्ट / प्रजेन्टेशन / मौखिकी आदि)	रू0 250 / –प्रति प्रश्न–पत्र।

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

(4). स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 से संबंधित परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन के माध्यम से दिनांक 28.01.2021 से दिनांक 08.02.2021 तक आमंत्रित किये जायेंगे। उक्त ऑन लाइन आवेदन संबंधी प्रकिया/प्रेषण की सूचना पृथक से निर्गत की जायेगी।

उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांकः COE-200/पत्रा.सीओई–42/स्पे0बै0पे0प0–2021/डीएसएमएनआरयू/2020–21 दिनांक 18.01.2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
4. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय।
6. सहायक कुलसचिव (शैक्षिक), विश्वविद्यालय।
7. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/महाविद्यालय/संस्थान।
8. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड हेतु प्रेषित।
9. परीक्षा अनुभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. गार्ड फाइल।

16.01.2021
(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव